IPPR

# कुलसचिव कार्यालय
# लखनऊ विश्वविद्यालय,


(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

**लखनऊ–226007**

**Web.: www.lkouniv.ac.in, E-mail :registrar@lkouniv.ac.in, Phone/Fax : 0522-2740412**


University of Lucknow लखनऊ विश्वविद्यालय | 100 Years 1920-2020 Centennial Celebrations शताब्दी उत्सव

सन्दर्भ संख्या................................/2025

दिनांक.............................................

## कार्यालय आदेश

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक/समस्त शिक्षक।
2. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
3. समस्त उपकुलसचिव/समस्त कार्यालय अधीक्षक।

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय/महोदया,

लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त नियमित शिक्षकों के अवकाश स्वीकृति के सम्बन्ध में निर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या–टी–22350–65 दिनांक 29.09.2023 एवं संख्या–टी–9742–49 दिनांक 06.05.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संबंधित शिक्षक को मुख्यालय से बाहर जाने के सात कार्यदिवसों के पूर्व मा0 कुलपति महोदय को प्रत्येक दशा में प्रस्तुत किये जाने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया था।

इस सम्बंन्ध में प्रायः यह देखा जा रहा है कि शिक्षकों का अवकाश प्रार्थना पत्र अवकाश पर जाने की तिथि से 1–2 दिवस पूर्व ही प्राप्त हो रहे हैं, जिससे अवकाश पर जाने से पूर्व कभी–कभी उन प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण नहीं हो पाता है और सम्बंन्धित द्वारा अवकाश का उपभोग कर लिया जाता है, जिससे कि प्रशासनिक एवं शैक्षणिक असुविधा होती है।

**अतः समस्त शिक्षकों/अधिकारीयों/कर्मचारियों को मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार सूचित किया जाता है, कि समर्थ पोर्टल से सम्बन्धित अवकाश (आकस्मिक, कर्तव्यावकाश, विशेष आकस्मिक तथा निर्बन्धित अवकाश) को छोड़कर अन्य सभी अवकाश संबंधी प्रार्थना पत्र विभागीय स्तर से अग्रसारित कराकर अवकाश की वांछित तिथि से 07 कार्यदिवसों के पूर्व कुलसचिव कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

भवदीय

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या–T-18581-88 दिनांक– 18/10/25

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
3. कुलानुशासक, ल0वि0वि0।
4. कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल0वि0वि0।
5. मुख्य अभिरक्षक/समस्त अभिरक्षक, ल0वि0वि0।
6. अध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद, ल0वि0वि0।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0।
8. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव